भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2490
गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड में हवाई अड्डों का विस्तार

2490. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावतः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक सम्पर्क बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम आकार के हवाई अड्डों का विस्तार करने तथा नई उड़ानें शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ऐसे हवाई अड्डों की कुल संख्या कितनी है तथा वे हवाई अड्डे कहां स्थापित किए जाएंगे तथा उनके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): हवाईअड्डों पर बुनियादी ढांचे का विस्तार और विकास एक सतत प्रक्रिया है और यह समय-समय पर यात्री मांग के पूर्वानुमान, विमान संचालन की संरक्षा के लिए परिचालन आवश्यकताओं और एयरलाइनों की मांग के आधार पर भूमि की उपलब्धता, वित्तीय व्यवहार्यता और साथ ही वांछित विमान प्रचालन से संबंधित अन्य सुविधाओं के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में, उत्तराखंड में 03 प्रचालनरत हवाई अड्डे हैं :

1. देहरादून
2. पंतनगर
3. पिथौरागढ़

देहरादून और पंतनगर का स्वामित्व और प्रबंधन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास है। पिथौरागढ़ हवाईअड्डे का प्रबंधन उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

देहरादून हवाईअड्डे के विस्तार के लिए एएआई ने राज्य सरकार से 140.5 एकड़ जमीन मांगी है। एएआई ने पंतनगर हवाईअड्डे के विस्तार की भी योजना बनाई है, जिसके लिए राज्य सरकार से 560 एकड़ जमीन मांगी गई है, जिसमें से 524.78 एकड़ जमीन पहले ही सौंपी जा चुकी है। इसके अलावा, हवाईअड्डे के विस्तार के लिए मौजूदा बाधाओं और बुनियादी ढांचे को हटाने/स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। एक बार जब ये बाधाएं हटा दी जाती हैं/स्थानांतरित हो जाती हैं, तो एएआई विस्तार कार्य शुरू कर सकता है जिसमें 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र के नए टर्मिनल भवन का निर्माण, टैक्सीवे के साथ 05 बे हेतु एप्रन, कोड 4सी टाईप के विमानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रनवे विस्तार, आइसोलेशन बे, तकनीकी ब्लॉक, एटीसी कंट्रोल टॉवर, फायर स्टेशन और अन्य संबंधित सुविधाएं शामिल हैं।

******